Dainik Bhaskar (Indore), 27th June 2026, Page - 04

आईआईटी इंदौर का 14वां दीक्षांत समारोह आज

# 807 ग्रेजुएट्स को आज मिलेगी डिग्री, 15 टॉपरों को देंगे मेडल

भास्कर संवाददाता | इंदौर

इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आईआईटी) इंदौर में शनिवार को 14वां दीक्षांत समारोह होगा। इसमें 807 विद्यार्थियों को विभिन्न कोर्सेस की डिग्री प्रदान की जाएगी। इसके साथ ही, अकादमिक क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले संस्थान के 15 विद्यार्थियों को गोल्ड और सिल्वर मेडल से सम्मानित किया जाएगा।

समारोह में वॉल्वो आयशर कमर्शियल व्हीकल्स के कर्मचारियों के लिए हुए एमटेक इन हाइब्रिड एंड इलेक्ट्रिक व्हीकल टेक्नोलॉजी के पहले दो बैच के 19 विद्यार्थियों और सेंटर ऑफ फ्यूचरिस्टिक डिफेंस एंड स्पेस टेक्नोलॉजी के एमटेक कोर्स की पहली बैच के 2 विद्यार्थियों को भी डिग्रियां दी जाएंगी। मुख्य अतिथि नीति आयोग के सदस्य और भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के पूर्व सचिव प्रो. अभय करंदीकर होंगे।

## किस कोर्स में कितनों को डिग्री

| | |
|---|---|
| बीटेक | 356 |
| एमटेक | 146 |
| पीएचडी शोधार्थी | 111 |
| एमएससी | 102 |
| एमएसडीएसएम | 69 |
| एमएस (रिसर्च) | 23 |

## मेधावियों को मिलेंगे सात गोल्ड और 8 सिल्वर मेडल

शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए कुल 7 गोल्ड मेडल दिए जाएंगे। राष्ट्रपति स्वर्ण पदक, बूटी फाउंडेशन स्वर्ण पदक, वीपीपी मेनन स्वर्ण पदक, संस्थान स्वर्ण पदक, अगम प्रसाद स्मृति स्वर्ण पदक और श्री गण्टि सुब्बाराव व श्रीमती गण्टि वेंकट रमाणी पुरस्कार शामिल हैं। इस बार से अशोक बंसल स्मृति स्वर्ण पदक की शुरुआत हो रही है, जो संस्थान के सभी विभागों में से सर्वश्रेष्ठ पीएचडी शोधप्रबंध तैयार करने वाली किसी महिला शोधार्थी को दिया जाएगा।